## :: प्रारुप–11 ::
# NOTE FOR JUSTIFICATION

**परियोजना का नाम :–** **जनपद पौडी गढ़वाल के विधानसभा क्षेत्र चौबट्टाखाल विकास खण्ड बीरोंखाल के अन्तर्गत मोरो बैन्ड से धोबीघाट मोटर मार्ग नवनिर्माण कार्य 5.00 कि0मी0**

उपरोक्त विषयक सम्बन्धित कार्य की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति शासनादेश संख्या 06/111 (2)/17–23(प्रा0आ0)/2016 दिनांक 04.01.2017 के द्वारा लम्बाई 5.000 कि0मी0 लागत रू0 16.85 लाख की प्राप्त हुई है। (शासनादेश की छाया प्रति संलग्न है) यह मार्ग बैजरो जोगीमढी मोटर मार्ग के कि0मी0 7.000 मे मोरोबैण्ड से आरम्भ होकर ग्राम सीला तल्ला व मल्ला, दिबोली, नवासू होते हुए ग्राम पोखरसैंण को जोडेगा। इस मार्ग के निर्माण से 1. सीला तल्ला, 2. सीला मल्ला 3.दिबोली, 4.नवासू, 5. पोखरसैंण ग्राम लाभान्वित होंगे। उक्त ग्रामों की आबादी कमशः 100, 96, 99, 79, व 26 है। इस प्रकार इस मोटर मार्ग के निर्माण से कुल 400 जनसंख्या लाभान्वित होगी जो कि अभी तक किसी भी मोटर मार्ग से नहीं जुडी है। इस मार्ग के निर्माण से ग्रामवासियों को यातायात की सुविधा होगी। वर्तमान में गांव की महिलाये पानी, लकडी, चारा आदि लेने के लिए दूर जाती है, मार्ग निर्माण के पश्चात उनका बहुमूल्य समय बचेगा साथ ही वे अपने घर व पाल्यों को अधिक समय दे पायेंगे, जिससे की पाल्यों का लालन पालन तथा पठन पठान ठीक से होगा तथा कुपोषण जैसी भारी समस्या दूर हो जायेगी। गांव मे चिकित्सालय तथा विद्यालय खुलने के और नये अवसर मिलगें। ग्रामवासियों द्वारा अपने उत्पादित फल, सब्जी, अनाज आदि को बजार तक बिना किसी कठिनाई के ले जा पाएंगे साथ ही गांव विकास की ओर अग्रसर होगा एवं स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होगें।

इस मार्ग के निर्माण हेतु विस्तृत सर्वेक्षण उपरान्त 02 समरेखणों पर विचार किया गया है। नक्शे में लाल रंग से दर्शाया गया समरेखण ग्राम सीला तल्ला व मल्ला दिबोली नवासू तथा पोखरसैंण को जोडेगा। इस समरेखण मे कोई भी हेयर पिन बैण्ड नही हैं। इस समरेखण का अधिकाश भाग नाप भूमि से गुजरता है, जिस हेतु ग्रामवासियों द्वारा सहमति दी गई है। इस समरेखण मे टैरेन कास स्लोब $25^{\circ}$ से $60^{\circ}$ तक है तथा तकनीकी दृष्टि से यह समरेखण उपयुक्त पाया गया है। इस मोटर मार्ग के निर्माण में प्रयुक्त की जाने वाली भूमियों में आरक्षित वन भूमि शून्य, सिविल वन भूमि 0.990 है0 वन पंचायत भूमि शून्य है0 इस प्रकार कुल वन भूमि 0.990 है0 है। जो न्यूनतम एवं अपरिहार्य है एवं नाप भूमि 3.510 है0 प्रयुक्त की जानी है। समरेखण के अन्तर्गत कोई मकान, मस्जिद, कब्रिस्तान का भाग नहीं पड़ता है। नक्शे मे बैंगनी रंग से दर्शाया गया समरेखण वैकल्पिक निरस्त समरेखण है। क्योंकि इस समरेखण ने मार्ग का ग्रेड अधिक होने के कारण तकनीकी रूप से उपयुक्त नही है एवं मार्ग की लम्बाई भी अधिक होगी। उक्त को ध्यान में रखते हुए समरेखण नं0 02 को निरस्त कर समरेखण नं0 01 को अनुमोदित किया जाता है।

वनभूमि हस्तानान्तरित करने हेतु वन संरक्षण अधिनियम 1980 के प्राविधानों के अन्तर्गत यह प्रस्ताव गठित कर प्रेषित किया जा रहा है।

| | | |
|---|---|---|
| कनिष्ठ अभियन्ता<br>निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0<br>बैजरो (गढ़वाल) | सहायक अभियन्ता<br>निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0<br>बैजरो (गढ़वाल) | अधिशासी अभियन्ता<br>निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0<br>बैजरो (गढ़वाल) |

वन क्षेत्राधिकारी<br>पूर्वी अमेली थलीसैंण<br>गढ़वाल वन प्रभाग (पौड़ी)